पत्र संख्या-१३/वि०मं०-१४/२०२४ सा० 73/

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

सत्यम सहाय,
विशेष कार्य पदाधिकारी ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना ।
प्रबंधक,
बिहार विकास मिशन, बिहार, पटना ।

पटना-१५, दिनांक - 20 फरवरी, 2024

विषय - मा० श्री तरूण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार), स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के २०६ वें सत्र में पूछा जाने वाला ऑन-लाईन अल्पसूचित प्रशन संख्या-१/२०६/५९० के स्थानांतरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट से प्राप्त ऑन-लाईन अल्पसूचित प्रश्न संख्या-१/२०६/५९० द्वारा इस विभाग के लॉगिन से प्राप्त है । आलोच्य प्रश्न संख्या-१/२०६/५९० का विषयवस्तु "बिहार में गत् दिनांक-२०-०३-२०२३ को मुख्य प्रबंधक, बिहार विकास मिशन, पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य सिंगल विंडो ऑपरेटर/मल्टी परपस असिस्टेंट संघ की मांगों पर वार्ता की गयी थी, वार्ता में संघ की पाँचों मांगों से सम्बंधित निर्णय भी लिए गये थे, तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि लिए गये पाँचों निर्णयों पर मिशन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है, यदि नहीं तो क्यों एवं विभाग इस पर क्या कर रही है तथा निर्णय पर कार्यवाही करने में कितना समय लग सकता है ,से संबंधित है," । उक्त विषय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/बिहार विकास मिशन, पटना से संबंधित रहने के कारण आलोच्य तारांकित प्रश्न की प्रति वांछित कार्रवाई हेतु संलग्न है ।

अतः अनुरोध है कि अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/बिहार विकास मिशन, पटना से देने की कृपा की जाय । साथ ही उत्तर की एक प्रति सामान्य प्रशासन विभाग, पटना को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए । इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय को दी जा रही है ।

अनु०-यथोक्त ।

विश्वासभाजन,

20/2/24

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

ज्ञापांक-१३/वि०मं०-१४/२०२४-सा० 73 /पटना-१५, दिनांक- 20 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि- प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के ऑन-लाईन अल्पसूचित प्रश्न संख्या-१/२०६/५९० के क्रम में प्रेषित तथा अनुरोध है कि उक्त ऑन-लाईन अल्पसूचित प्रश्न संख्या-१/२०६/५९० को सामान्य प्रशासन विभाग, पटना की सूची से विलोपित कर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/बिहार विकास मिशन, पटना की सूची में रखने की कृपा की जाय ।

2. उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना/विभागीय प्रभारी मंत्री के आप्त सचिव , सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

20/2/24

विशेष कार्य पदाधिकारी ।

कृ० पृ० उ०

ज्ञापांक-१३/वि०मं०-१४/२०२४-सा० 73 /पटना-१५, दिनांक- 20 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि-आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sent by General Administration Deptt.

अल्प सूचित प्रश्न

बिहार विधान परिषद्

(1)

बिहार विधान परिषद् प्रश्न

अल्प सूचित प्रश्न डायरी संख्या: 1/206/590

विषय:

निर्णय पर कार्यवाही

सूचना प्राप्ति दिनांक: 07/02/2024 16/02/2024

1/206/590 श्री तरुण कुमार(समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार)

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन क्या मंत्री, ,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में गत् दिनांक 20.03.2023 को मुख्य प्रबंधक, बिहार विकास मिशन पटना की अध्यक्षता में बिहार राज्य सिंगल विंडो ऑपरेटर/ मल्टी परपस असिस्टेंट संघ की मांगो पर वार्ता की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित तिथि को हुई वार्ता में संघ की पांचों मांगों से सम्बंधित निर्णय भी लिए गये थे;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि लिए गये सभी पांचों निर्णयों पर मिशन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई है , यदि नहीं तो क्यों एवं विभाग इस पर क्या कर रही है तथा निर्णय पर कार्यवाही करने में कितना समय लग सकता है?

D.No.- 678/सा०-13
16/02/2024